# University in News on 06 May 2020

**AMAR UJALA MY CITY Page 5**

## वेबिनार का समापन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में चल रही 'कोविड-19 संक्रमण में उद्यमिता विकास में अभिनव तकनीक' विषयक तीन दिवसीय वेबिनार का मंगलवार को समापन हुआ। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. आलोक राय रहे। काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित वेबीनार में देश-विदेश से करीब 2500 शिक्षकों, छात्र व व्यवसाय जगत से जुड़े लोगों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता नई दिल्ली एम्बेसी से डॉ. डीडीआर श्रीवास्तव ने संक्रमण काल में अर्थव्यवस्था को दुरुस्त करने में वित्तीय संस्थाओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की।